Roll No. …………………..

MAHD–05

नाटक और कथेतर गद्य विधाएँ

Master of Arts (M. A.) Hindi

Second Year, Examination, 2017

Time : 3 Hours **Max. Marks : 60**

नोट : यह प्रश्न पत्र साठ (60) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह (15) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. हिंदी नाटकों के विकासक्रम पर विस्तार से प्रकाश डालिए।
2. नाटक के तत्वों के आधार पर 'चन्द्रगुप्त' नाटक का मूल्यांकन कीजिए।
3. निबंध विधा पर प्रकाश डालते हुए शुक्ल युग के निबंधों पर प्रकाश डालिए।
4. 'रेखाचित्र' विधा का अर्थ व स्वरूप स्पष्ट करते हुए महादेवी वर्मा के 'भाभी' रेखाचित्र की विवेचना कीजिए।

खण्ड–ख

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. 'चन्द्रगुप्त' नाटक की राष्ट्रीय व सांस्कृतिक चेतना पर टिप्पणी लिखिए।
2. 'अंधा युग' नाटक की भाषा-शैली पर टिप्पणी लिखिए।
3. मोहन राकेश के नाट्य साहित्य पर प्रकाश डालिए।
4. ललित निबंधकार विद्यानिवास मिश्र के निबंधों की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।
5. आत्मकथा एवं जीवनी में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
6. 'लोकमंगल की साधनावस्था' निबंध का संक्षेप में मूल्यांकन कीजिए।
7. 'आवारा मसीहा' जीवनी के शीर्षक की उपयुक्तता को स्पष्ट कीजिए।
8. 'तूफानों के बीच' रिपोर्ताज पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

खण्ड–ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. 'महेन्द्र नाथ' किस नाटक का पात्र है ?
2. 'चन्द्रगुप्त' नाटक का प्रकाशन किस वर्ष में हुआ ?

सत्य/असत्य चुनिए :

3. 'यदि गद्य कवियों की कसौटी है, तो निबंध गद्य की कसौटी है।' यह प्रसिद्ध कथन आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का है।
(सत्य/असत्य)

4. 'आवारा मसीहा' में शरत चन्द्र चटर्जी के जीवन को प्रस्तुत किया गया है। (सत्य/असत्य)

5. 'कलम का सिपाही' नामक जीवनी प्रेमचन्द ने लिखी।
(सत्य/असत्य)

सही विकल्प चुनिए :

6. 'चीड़ों पर चांदनी' नामक यात्रा वृत्तांत के लेखक हैं।
   (क) राहुल सांकृत्यायन
   (ख) निर्मल वर्मा
   (ग) रांगेय राघव
   (घ) अज्ञेय

7. किस समीक्षा पद्धति को 'मार्क्सवादी समीक्षा पद्धति' कहा जाता है ?
   (क) प्रयोगवादी
   (ख) छायावादी
   (ग) प्रगतिवादी
   (घ) सौष्ठववदी

8. निम्नलिखित में हास्य-व्यंग्य निबंधकार हैं :
   (क) आ. रामचन्द्र शुक्ल
   (ख) आ. महावीर प्रसाद द्विवेदी
   (ग) डॉ. श्याम सुन्दर दास
   (घ) हरिशंकर परसाई

9. 'अपनी खबर' किस विधा की रचना है ?

(क) संस्मरण

(ख) आत्मकथा

(ग) निबंध

(घ) रेखाचित्र

10. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' नामक आत्मकथा के लेखक हैं :

(क) अज्ञेय

(ख) महादेवी वर्मा

(ग) हरिवंशराय बच्चन

(घ) यशपाल